कोटा में उत्साह और उमंग से मनाया होली का त्यौहार

कोटा, (निसं)। शहर में होली का त्यौहार उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया है। रात को होलिका दहन के बाद दूसरे दिन जमकर रंग बरसे और हुडदंग का शौर रहा। सड़कों पर युवाओं की टोलियां नजर आयी तो पुलिस व्यवस्थाऐं बनाने में लगी रही। सारस्वत ब्राह्मण महिला विकास समिति, की ओर से होली मिलन समारोह मौजी बाबा की गुफा के पास तिरुपति बालाजी प्रांगण में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में समाजबंधु पहुंचे। इस अवसर पर महिला विकास समिति की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें महिलाओं ने उत्साह से भाग लिया। अध्यक्ष गरिमा ओझा ने बताया कि इस अवसर पर होली गीतों पर महिलाएं थिरकीं, वहीं सतरंगी फागोत्सव में फूलों की होली खेली गई। महामंत्री मल्लिका शर्मा, संगठन मंत्री कृष्ण लता सारस्वत, उपाध्यक्ष नेहा शर्मा, सह महामंत्री सारिका ओझा, टीना सारस्वत सांस्कृतिक मंत्री, ज्योति शर्मा प्रचार मंत्री, मंजू ओझा सह-कोषाध्यक्ष, प्रियदर्शिनी सह संगठन मंत्री, सह उपाध्यक्ष नम्रता ओझा, ने विभिन्न कार्यक्रमों का समन्वय स्थापित किया। महिला सदस्यों ने समाज के लोगों का स्वागत किया।

जुबली हॉस्टल और रघुनाथ हॉस्टल में होली महापर्व के उपलक्ष्य में भव्य होलिका दहन एवं होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक मीणा, प्रदेश महामंत्री, भाजपा एसटी मोर्चा, राजस्थान रहे। मुख्य अतिथि अशोक मीणा का हॉस्टल के समस्त छात्रों और कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा 51 किलो की पुष्प माला एवं साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर हॉस्टल अध्यक्ष बुधीराम मीणा (दुर्जनपुर), अजय मीणा (तिसाया), लोकेश मीणा, विशाल मीणा (मुंगाना), अशोक मीणा सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे।

गौर पूर्णिमा पर श्री गौर राधा गोविन्द जू मंदिर, श्री कृष्ण चैतन्य प्रेम भक्ति धाम, धरणी धरण चौराहा गणेश नगर में हर्षोउल्लास और कृष्ण-भक्तिरस में श्रीमद्महाप्रभुजी जन्मोत्सव मनाया गया। मीडिया प्रभारी रविकुमार झंवर ने बताया कि गौरपूर्णिमा पर प्रातः उत्सव व उमंग के बीच जन्मोत्सव आयोजित किया गया।शोभायात्रा, फूलडोल, फागोत्सव, महाभिषेक, महिला मंदिर में बधावा लेकर आई, प्रभात फेरी, महासंकीर्तन के उपरान्त धर्म प्रवचन आयोजित किए गए।

हरे कृष्ण मंदिर, मुकुंदरा विहार कोटा में श्री गौर पूर्णिमा महोत्सव भक्तिमय माहौल में मनाया गया। श्री चैतन्य महाप्रभु के प्राकट्य दिवस के अवसर पर विशेष आयोजन में हजारों भक्तों ने भाग लिया और दिव्य उत्सव का आनंद लिया। भगवान का भव्य अभिषेक-मंदिर में भगवान श्री श्री निताई गौरांग का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महाभिषेक किया गया। इस पावन अवसर पर भक्तों ने शाम तक उपवास रखते हुए हरे कृष्ण महामंत्र का अधिकाधिक जाप किया। भगवान श्री श्री गौर निताई के उत्सव विग्रह का भव्य अभिषेक समारोह शाम 7.00 बजे संकीर्तन के साथ प्रारंभ हुआ।

खंडेलवाल सेवा समिति का 31वां होली मिलन समारोह हषोल्लास के साथ खुशनुमा महौल में होली के इन्द्रधनुषीय रंगों के साथ खंडेलवाल भवन में आयोजित हुआ, जिसमे सभी पदाधिकारियों और कार्यकारिणी ने प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से संपन्न कराने में सहयोग किया। कार्यक्रम खाटू श्यामजी भजन संध्या के साथ प्रारंभ हुई भजन संध्या में भक्तिमय माहौल बन गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम कृष्ण बिरला थे, विशिष्ट अतिथि कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा रहे जिन्होंने सेवा समिति की नव-नियुक्त कार्यकारिणी को शपथ दिलाई

नगर निगम कोटा दक्षिण के वार्ड नंबर 79 तलवंडी के वार्ड पार्षद संजीव विजय एडवोकेट ने बताया कि बुधवार को उधम सिंह पार्क सेक्टर 4 तलवंडी कोटा में वार्ड फाग महोत्सव का धूमधाम से आयोजन किया गया सभी वार्डबंधुओ ने फूलों से जमकर होली खेली। भजन गायक अभिषेक शर्मा के भजनों,, रंग मत डाले रे सांवरिया थारो गुर्जर मारे रे,, एवं होली खेलंगा आपा गिरधर गोपाल से कई होली के गीतों पर पर जमकर नृत्य किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश कृष्ण बिरला अध्यक्ष कोटा नागरिक सहकारी बैंक, एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता राकेश जैन शहर जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी विवेक राजवंशी नेता प्रतिपक्ष नगर निगम कोटा दक्षिण एवं लव शर्मा नगर निगम कोटा उत्तर विशिष्ट अतिथि थे।

विश्व उपभोक्ता दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

बूंदी। विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में टिकाऊ जीवन शैली की ओर एक उचित बदलाव विषय पर जिला उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी एवं जिला रसद अधिकारी शिवजी राम जाट की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन किया गया । संगोष्ठी में जिला रसद अधिकारी ने सदस्यों की ओर से बताई गई विभिन्न समस्याओं का विस्तृत जवाब देते हुए टिकाऊ जीवन शैली के लिए पर्यावरण संरक्षण, संसाधनों के समुचित उपयोग एवं संरक्षण की बात कही और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सभी सदस्यों को आश्वस्त किया कि उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा की जाएगी तथा इसके लिए उपभोक्ताओं को भी खरीद के बिल आदि लेने चाहिए ताकि सबूत के तौर पर न्यायालय में उनका पक्ष रखा जा सकें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की एक्सपायरी डेट की वस्तु नहीं खरीदे तथा सभी वस्तुओं का बिल प्राप्त करके ही वस्तु व सेवा खरीदें। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता एडवोकेट राजकुमार दाधीच वरिष्ठ ने विश्व उपभोक्ता दिवस की प्रासंगिकता और विषय पर प्रकाश डालते हुए सभी सदस्यों को अपने विचार रखने के लिए आमंत्रित किया ।

इस दौरान खुदरा व्यापार संघ अध्यक्ष ओमप्रकाश जिंदल ने उपभोक्ताओं को बिल लेने व खाद्यान्न संबंधी वस्तुएं दुकान पर ही देखकर लेने की सलाह दी। गैस संगठन प्रतिनिधि श्रीवर्धन विजय ने गैस के उचित तथा सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी। राज्य खाद्यान्न भंडारण निगम प्रबंधक लोकेश चौधरी ने खाद्यान्नों के उचित प्रबंधन और संरक्षण के संबंध में जानकारी दी। सतर्कता समिति सदस्य सोनल मीणा ने गांव के उपभोक्ताओं की विभिन्न समस्याओं पर प्रकाश डाला तथा ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में भी करने की बात कही।

संगोष्ठी में लोकेश दाधीच ने समय-समय पर खाद्य सामग्री बेचने वाली दुकानों व मिठाई की दुकानों का निरीक्षण करने, माधव प्रसाद विजय ने शहरी क्षेत्रों में खुले में बेची जाने वाली मिठाइयां व अन्य खाद्य सामग्रियों पर फैल रही गंदगी से निजात दिलाने की बात कही। प्रवर्तन अधिकारी महकरण सिंह ने सदस्यों का स्वागत करते हुए संगोष्ठी की संक्षिप्त जानकारी दी।

पश्चिम मध्य रेल

निविदा सूचना शुद्धिपत्र-3

सिग्नल एवं दूरसंचार (गतिशक्ति) यूनिट कोटा मण्डल निविदा सं. ईपीसी-कोटा-आरटीए-डब्ल्यूसीआर - एसएनटी-जीएसयू, दिनांक: 11.03.2025

फर्मों से प्राप्त विभिन्न अनुरोधों को ध्यान मे रखतें हुए, **निविदा संख्या:** ईपीसी - कोटा - आरटीए- डब्ल्यूसीआर- एसएनटी- जीएसयू, **दिनांक:** 11.02.2025, में बिड प्रक्रिया (आरएफपी पैरा 1.3) की समयसीमा में निम्नलिखित आंशिक संशोधन किया गया है। कृपया विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट http://www.ireps.gov.in. पर देखे। **बिड दस्तावेज प्राप्त करने के लिए संशोधित तिथि:** 11.04.2025, 11:00 बजे तक, **बिड जमा करने की संशोधित तिथि:** 11.04.2025, 17:00 बजे तक, **सभी दस्तावेजों को फिजीकली जमा करने की संशोधित तिथि:** 16.04.2025, 11:00 बजे तक, **टेक्निकल बिड खुलने की संशोधित तिथि:** 16.04.2025, 15:30 बजे के बाद। निविदा की अन्य सभी शर्तें यथावत रहेंगी।

उप मुख्य सिग्नल एवं दूर संचार इंजीनियर (गतिशक्ति-I), पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

नाम परिवर्तन

मेरा शैक्षणिक दस्तावेजों में नाम परमवीर सिंह राठौड़ Paramveer Singh Rathod पिता का नाम लक्ष्मण सिंह राठौड़ Lakshman Singh Rathore अंकित है मेरे को भविष्य में परमवीर सिंह राठौड़ Paramveer Singh Rathore पिता का नाम लक्ष्मण सिंह राठौड़ Laxman Singh Rathore के नाम से जाना जाए।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार दौलतराम लालवानी पुत्र स्व.श्री परमानंद जी जाति सिन्धी निवासी मकान नम्बर 53-ए, आर.के.पुरम, कोटा का पुत्र टीकम लालवानी का व्यवहार मेरे पक्षकार व परिवार के प्रति अच्छा नहीं होने से मेरा पक्षकार अपने पुत्र टीकम लालवानी को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है और लिखे देता है कि टीकम लालवानी के साथ कोई संव्यवाहर नही करें अन्यथा स्वयं जिम्मेदार होगा। सूचित हो।

भवदीय
घनश्याम नागर, एडवोकेट
121-ए श्रीनाथपुरम, कोटा
मो.9829189956

रोडवेज बस से अफीम व डोडा चूरा के साथ तस्कर गिरफ्तार

- **ताबड़तोड़ कार्रवाई में अवैध खेती भी मिली**

कोटा, (निसं)। केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्यवाही करते हुए भीलवाड़ा में रोडवेज बस से अफीम और डोडा चूरा बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। यह बस चित्तौड़गढ़ से जयपुर जा रही थी। वहीं दूसरी तरफ प्रतापगढ़ जिले में अवैध रूप से की जा रही अफीम की खेती भी पकड़ी है। उप नरकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की रोकथाम के लिये अभियान चला रखा है।

चित्तौड़गढ़ से जयपुर जा रही एक रोडवेज बस में मादक पदार्थ तस्करी की सूचना मिली थी। सूचना पर टीम ने गोपालपुरा टोल जहाजपुर में राजस्थान रोडवेज की बस को रोकाकर जांच की तो एक व्यक्ति के पास से 2.050 किलोग्राम अफीम और 18.920 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद किया। एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया है कि मादक पदार्थ चित्तौड़गढ़ से जयपुर तस्करी के लिये ले जाना बताया गया है। अवैध रूप से की जा रही थी अफीम की खेती-उप नरकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि चित्तौड़गढ़ जिले के निंबाहेड़ा तहसील के भुवानिया खेड़ा गांव में अवैध रूप से अफीम की खेती की जा रही है। सीबीएन की टीम ने छापा मारा, जिसमें अवैध अफीम पोस्त का खेत मिला।

खूब उड़ा अबीर-गुलाल, जमकर थिरके युवा

छबड़ा। रंग, गुलाल और अबीर से एक-दूसरे को सराबोर करने की होड़ और होली के गीतों की मस्ती के साथ रंगों का त्योहार यहां हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हर तरफ होली की धूम थी। क्या बच्चे, क्या बूढ़े, क्या जवान सभी होली की मस्ती में थे। वहीं, होली की पूर्व संध्या पर रेणुका नदी की पुलिया पर किन्नर नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जो कि मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में शहरवासी उमड़ पड़े। गुरुवार की शाम होलिका दहन के बाद से ही लोग होली के रंग में रंगने लगे। सुबह होते - होते लोग होली की मस्ती में डूब गए। बच्चों की मस्ती तो गुरूवार शाम से ही दिखने लगी थी। होली है होली है की गूंज हर गली, हर मुहल्ले में गूंजने लगी।

धर्म का मार्ग कठिन लेकिन विजय सदैव सत्य की होती है : बिरला

- **कैथून में हिरण्यकश्यप दहन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए बिरला**

कोटा, (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शुक्रवार को होली पर कैथून स्थित विभीषण मंदिर परिसर में आयोजित हिरण्यकश्यप दहन महोत्सव में सम्मिलित हुए। यहां उन्होंने श्री विभीषण मंदिर में दर्शन किए। बिरला ने कहा कि जीवन में कितनी भी कठिनाई, चुनौती और परेशानी आए, हमें धर्म, सत्य और न्याय के मार्ग पर ही अडिग रहना चाहिए।

विभीषणजी के जीवन से हमें यही प्रेरणा मिलती है। हिरण्यकश्यप पुतला दहन का यह अनूठा आयोजन केवल एक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सत्य और असत्य, अहंकार और विनम्रता, धर्म और अधर्म के शाश्वत संघर्ष का उदाहरण है। भक्त प्रह्लाद की अटूट आस्था और श्रीहरि की कृपा ने सिद्ध किया कि बुराई कितनी भी शक्तिशाली हो, उसका अंत निश्चित है। कैथून का यह विभीषण मंदिर और यह आयोजन इस बात का प्रतीक है कि धर्म का मार्ग कठिन हो सकता है, लेकिन विजय सदैव सत्य की होती है। स्पीकर बिरला ने कैथूनीपोल स्थित अपने पैतृक आवास पर क्षेत्रवासियों के साथ होली का पर्व मनाया। बिरला ने इस दौरान सभी का मुंह मीठा करवाया व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह उत्सव केवल रंगों और उल्लास का संगम नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध संस्कृति, परंपरा और सामाजिक समरसता का प्रतीक भी है। जिस प्रकार रंग एक-दूसरे में घुलकर एक सुंदर छवि बनाते हैं, उसी तरह हम सभी प्रेम और सद्भावना से जुड़े रहते हैं, और यही हमारे समाज की सबसे बड़ी पूंजी है। स्पीकर बिरला ने शनिवार को शक्तिनगर स्थित आवास पर जनसुनवाई की। बिरला ने लोगों की जनसमस्याएं सुनकर अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग होली की रामा-श्यामी के लिए भी पहुंचे।

रमज़ान के महीने में जारी इबादतों का दौर

छबड़ा। रहमतों व बरकतों का महीना रमज़ानुल मुबारक जारी है तथा मुस्लिम समाज के लोग इबादतों में मसरूफ़ है। रमज़ान माह के दूसरे जुमे की नमाज़ शुक्रवार को क़स्बे में मुस्लिम समाज के लोगो द्वारा बड़ी संख्या में मस्जिदों में पहुंच कर अदा की गई। इस दौरान छोटे-छोटे बच्चों ने भी उत्साह के नमाज़ अदा कर खुदा की बारगाह में हाथ उठा कर दुआए मांगी। शहर काज़ी मौलाना इज़हार हुसैन क़ासमी व अलीगंज मस्जिद के इमाम मौलाना अख़्तर उस्मानी ने बताया कि रमज़ान का पाक महीना चल रहा है शुक्रवार को रमज़ान महीने का दूसरा जुमा होने पर समाज के लोगो ने मस्जिदों में पहुंच कर नमाज़ अदा की। बड़ी संख्या में नमाज़ी मस्जिदों में पहुंचे।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीकिशन पुत्र धन्नालाल की खरीद शुदा सम्पत्ति भूखण्ड संख्या एल-3 (एल.आई.जी.) रॉयल प्राईम बोरखण्डी कोटा में स्थित है। श्रीकिशन पुत्र धन्नालाल के द्वारा एच.डी.एफ.सी. बैक लिमिटेड से ऋण लिया हुआ था तथा उक्त सम्पत्ति के समस्त असल दस्तावेजात एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड में रहन कर रखे है। श्रीकिशन पुत्र धन्नालाल का दिनांक 28.01.2025 को देहान्त हो चुका है। श्रीकिशन पुत्र धन्नालाल की पत्नी श्रीमती कमला बाई ने जाहिर किया है कि उनके अतिरिक्त स्व.श्रीकिशन पुत्र धन्नालाल की पुत्री दुर्गेश नायक पुत्र श्री राकेश नायक ही विधिक वारिसान है इनके अतिरिक्त श्रीकिशन पुत्र धन्नालाल के अन्य कोई विधिक वारीसान नही है। उक्त सम्पत्ति के पेटे ऋण की पूर्ण अदायगी एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड को की जा चुकी है। श्रीकिशन पुत्र धन्नालाल की पत्नी श्रीमती कमला बाई उक्त सम्पत्ति के समस्त असल दस्तावेज को प्राप्त करना चाहती है। यदि इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज सूचना प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस की अवधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता या एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड शाखा विज्ञान नगर कोटा के समक्ष लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद सूचना कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो।

संदीप जैन, एडवोकेट
583-ए तलवण्डी, कोटा
मो. 9829180432

एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने वाला गिरोह के सदस्य को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- **मंहगे शौक तथा नशे की लत को पूरा करने के लिये देते थे वारदात को अंजाम**

कोटा, (निसं)। जवाहर नगर पुलिस टीम ने बडौदरा-दिल्ली एक्सप्रेस वे पर कार्यवाही करते हुए एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने वाले अन्तरराज्यीय गैंग गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के सदस्य को चौपहिया वाहन सहित गिरफ्तार किया है।

ारोपी ने गैंग के अन्य सदस्यों द्वारा राजस्थान के अलावा अन्य कई जिलो में कई वारदातों को करना कबूला है। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि दिसम्बर माह 2024 से अब तक लगातार एटीएम मशीन से आम जनता को बातों में उलझाकर उनके एटीएम बदलकर रूपये निकालने के मामले सामने आये है। शहर एसपी ने बताया कि जवाहर नगर थाना क्षेत्र से एटीएम कार्ड बदलकर आम जनता को बातों में उलझाकर एटीएम कार्ड निकासी को लेकर पांच घटनाएं सामने आई। शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम को तकनीकी सहायता व मुखबीर की सूचना से ज्ञात हुआ कि एटीएम कार्ड बदलकर रूपये निकालने वाले गिरोह के सदस्य चौपहिया वाहन से बडौदरा-दिल्ली एक्सप्रेस वे से कोटा से होता हुआ दिल्ली जा रहे है सूचना पर गठित टीम ने लालसोट कोथून रोड पर मुखबीर की सूचना से ज्ञात वाहन को रूकवाया। शहर एसपी ने बताया कि पुलिस टीम को देखकर वाहन में बैठे हुए बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर खेतो में भाग गये। पुलिस टीम ने जिनका पीछा कर गिरोह के एक सदस्य को डिटेन कर लिया और थाने लाकर पूछताछ की। शहर एसपी ने बताया कि प्रकरण में पूछताछ के बाद उत्तर-पूर्वी दिल्ली गोकलपुर निवासी गौरव को गिरफ्तार कर लिया पकड़े गये आरोपी से गैंग के अन्य सदस्यों एवं अन्य वारदातों के बारे में अनुसंधान किया जा रहा है।

तरीका वारदात-शहर एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपी ने पूछताछ मे बताया कि वारदात करने के लिये सबसे पहले रूट तय करते है। उस रूट पर जितने कस्बे या शहर पड़ते है उनके अंदर एटीएम के आस-पास घुमकर रैकी करते है, और मौका मिलते ही गैंग के दो तीन सदस्य पैसे निकालने के बाहने एटीएम मशीन के पास चले जाते है तथा गैग का एक सदस्य पैसे निकालने वाले व्यक्ति के पीछे खड़े होकर उसके एटीएम के पिन नम्बर देख कर याद कर लेता है और गैंग के अन्य सदस्य उस व्यक्ति को अपनी बातों में उलझाकर मौका मिलते ही एटीएस बदल लेते है। उसके बाद अन्य एटीएम मशीन से बदला हुआ एटीएम कार्ड से रूपये निकाल लेते है।

श्री महर्षि दधीचि देहदान दिवस पर विशेष आयोजन

कोटा, (निसं)। फाल्गुन पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री महर्षि दधीचि देहदान दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। श्री महर्षि दधीचि ने मानवता की रक्षा हेतु, इंद्रादि देवताओं की प्रार्थना पर, फाल्गुन पूर्णिमा के दिन अपनी देह का दान किया था, दाधीच समाज कोटा के लिए अत्यंत गौरवशाली दिवस के रूप में मनाया गया है। विधिवत अभिषेक और पूजन समारोह-प्रातः 9.30 बजे से, माँ दधिमती धाम के समीप स्थित, श्री महर्षि दधीचि तिराहे पर, दाधीच समाज के बंधु सपरिवार एकत्रित हुए। उत्साह और भक्ति से परिपूर्ण वातावरण में, वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य श्री महर्षि दधीचि की भव्य मूर्ति का विधिवत दुग्ध अभिषेक किया गया। अभिषेक के पश्चात चंदन, कुमकुम, अक्षत और पुष्प से पूजन, अर्चन संपन्न हुआ। पूजन के दौरान वातावरण वैदिक मंत्रों की ध्वनि से गुंजायमान हो उठा।

मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में नजर आया दुर्लभ कैराकल

कोटा, (निसं)। मुकुंदरा हिल्स टाईगर रिजर्व के कैमरा ट्रैप में दुर्लभ कैराकल (स्याहगोश) नजर आया है। यह बिल्ली प्रजाति का वन्य जीव है जिसकी भारत में 50 से भी कम आबादी मानी जाती है। अभी इसका एरिया भी पूरी तरह से डिफाईन नहीं हो पाया है। मुकुंदरा हिल्स टाईगर रिजर्व में यह पहली बार नजर आया है। इस बारे में राजस्थान के पर्यावरण व वन मंत्री संजय शर्मा ने 'एक्स' पर भी जानकारी साझा की है। इससे पहले बीते साल रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में भी यह नजर आया था। यह एक तरह की ऐसी बिल्ली है, जिसके पैर लंबे होते हैं। पूंछ छोटी होती है। इसकी ऊंचाई 17 से 24 इंच तक होती है। इसका चेहरा बिल्कुल बिल्ली की तरह होता है। नर आमतौर पर 13 से 18 किलो वजन का होता है जबकि मादा 11 किलोग्राम वजन तक की होती है। साथ ही इसकी लंबाई 26 से 35 इंच तक होती है। इसकी पूछ करीब 12 इंच लंबी होती है। इसका रंग वाईन रेड-ग्रे या रेत के कलर का होता है। दूसरी तरफ आंखों के ऊपर काले धब्बे होते हैं। कैराकल जंगल में करीब 12 साल तक जीवित रह सकता है जबकि चिड़ियाघर या बायोलॉजिकल पार्क में 17 साल तक जीवित रहने का रिकॉर्ड है। इसकी खासियत यह है कि यह लंबे समय तक बिना पानी पिए भी रह सकता है। पानी की मांग अपने शिकार के शरीर के तरल पदार्थ से पूरी कर लेता है।

कैराकल के रहने के एरिया की बात की जाए तो मादाएं शिकार के उपलब्धता के आधार पर 5 से 50 वर्ग किलोमीटर एरिया तक रहती है जबकि नर का एरिया ज्यादा बड़ा माना जाता है। यह 19 से 220 वर्ग किमी एरिया में घूमते हैं। अन्य शिकारी बिल्लियों की तरह ही कैराकल गंध से अपने क्षेत्र को चिन्हित करते हैं। इसके लिए वह अपने अपशिष्ट का उपयोग करते हैं। एमएचटीआर के उपवन संरक्षक मुथु सोमासुंदरम ने बताया कि टाईगर रिजर्व में हर साल दो बार होने वाले सर्वे के लिए कैमरा ट्रैप लगाया गया था। उसमें यह कैराकल कैद हुआ है। यह फरवरी महीने में हुआ है लेकिन इसके डाटा ट्रांसफर के दौरान हमें मार्च में यह देखने को मिला। यह बहुत ही दुर्लभ है और कम नजर आता है। मुकुंदरा हिल्स टाईगर रिजर्व में यह पहली बार रिकॉर्ड हुआ है। जबकि इससे पहले रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में भी इसी तरह के सर्वे में बीते साल दिसंबर में नजर आया था। रामगढ़ विषधारी टाईगर रिजर्व के डीसीएफ अरविंद कुमार झा का कहना था कि कैराकल की काउंटिंग रिपोर्ट नहीं है। यह काफी दुर्लभ है। इसके अलावा यह रणथंभौर, सरिस्का, करौली और धौलपुर में नजर आता है लेकिन बहुत ही दुर्लभ है। देशभर में इनकी आबादी 50 से भी कम है। भारत में यह केवल राजस्थान में ही देखने को मिलता है।

राजस्थान सरकार

कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा खण्ड कोटा

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन

नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को (नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

मुकदमा नम्बर 9/2025

चूंकि डॉ. अशोक कुमार शर्मा पुत्र श्री गोवर्धन लाल शान्डिल निवासी 1 बसन्त विहार, दादाबाड़ी, कोटा द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(2) के अन्तर्गत प्रन्यास 'कोटा ब्लड बैंक सोसायटी', कोटा 1, बसन्त विहार, दादाबाड़ी, कोटा के सम्बन्ध में पंजीयन हेतु जांच किये जाने के लिये आवेदन-पत्र दिया है। अतएवं धारा 18 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निर्णित किया जायेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा। आज दिनांक 03.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 06.05.2025 है।

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग कोटा

रोजगार सहायता शिविर का आयोजन

बूंदी। जिले के बेरोजगार आशार्थियों के लिए 18 मार्च को नैनवां रोड स्थित होटल शगुन में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा।

जिला रोजगार अधिकारी भैरू प्रकाश नागर ने बताया कि शिविर में राज्य एवं राज्य से बाहर की विभिन्न निजी कंपनियां भाग लेगी। शिविर में बेरोजगार आशार्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्राप्त होगें। निजी क्षेत्र के नियोजक बेरोजगार आशार्थियों का साक्षात्कार लेकर चयन प्रक्रिया संपादित करेगें। शिविर में कौशल प्रशिक्षण संस्थान/आर.एस.एल.डी.सी प्रशिक्षण हेतु बेरोजगार आशार्थियों का चयन करेंगे। बेरोजगार आशार्थियों को व्यावसायिक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। निजी कम्पनियों द्वारा टेक्नीशियन, फील्ड ऑफिसर, सेल्स मैनेजर, टेक्निकल ऑपरेटर एवं सिक्योरिटी सर्विस आदि पदों के लिये चयन किया जाएगा। इन पदों के लिये न्यूनतम शैक्षिणक योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक, डिप्लोमाधारी, कम्प्यूटर जानकारी एवं आई.टी.आई. निर्धारित है। उन्होंने कहा कि इच्छुक बेरोजगार आशार्थी अपने मूल दस्तावेज मय छाया प्रतियों तथा पांच पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ शिविर में भाग लेकर अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

छोटी काशी में जम कर उड़ी समरसता, प्रेम और बंधुत्व की गुलाल

- **बाजारों में टोलियां के साथ लोग ढोल की धुन पर नाचते गाते नजर आये**

बूंदी। होली के पावन पर्व पर बूंदी में ढोल नगाड़ों की धुन पर रंग गुलाल उड़ाते हुए प्रेम और भाईचारे के साथ बूंदी वासियों ने होली खेली। कमोबेश यह नजारा हर गली मोहल्ले में महिला, पुरुष, युवा, युवतियों की टोलियों में देखते हुए बन रहा था। सुबह भगवान श्री चारभुजा नाथ, आराध्य देव श्री रंगनाथ जी के यहां से लोगों ने होली की शुरुआत की। गली मोहल्ले में होते हुए लोग चौमुखा बाजार में शहर के लोग परस्पर एक दूसरे से मिले, जहां एक दूसरे के गले मिलकर रंग लगाया।

बूंदी शहर को पौराणिक मान्यता के अनुसार छोटी काशी के रूप में माना जाता है। यहां अध्यात्म हर गली मोहल्ले में बसता है, जहां श्री रंगनाथ मंदिर व श्री चारभुजा नाथ मंदिर में मंदिर में मंगला आरती के बाद सभी लोग होली भगवान के यहां से प्रारंभ करते हैं। उसके बाद गली मोहल्ले में होली की मस्ती शुरू होती है। इस बार हर गली मोहल्ले में युवाओं में होली को लेकर ज्यादा जोश नजर आया। जगह जगह सजाई आकर्षक होली झांकी होली के अवसर पर शहर में नाहर का चौहटा स्थित बुलबुल के चबूतरे एवं गढ़ की पडस, चारभुजा मंदिर, बालचंद पाडत्रा में भालचन्द्र गणेश सहित शहर के विभिन्न हिस्सों में आकर्षक होली सजाई गई। जहां युवाओं ने रंगों से एक से बढ़कर एक रंगोली बनाकर होली में भाईचारे व सर्वधर्म समभाव का संदेश दिया। छोटी काशी बूंदी में सड़कों पर आमजन हजारों की संख्या में होली का त्योहार एक साथ मनाते हुए दिखे। शहर के चौमुखा बाजार में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली का जबरदस्त रंग दिखाई दिया। जहां लोग ढोल नगाड़ा एवं होली के गीतों पर थिरकते हुए दिखाई दिए। लोगों ने एक दूसरे को रंग लगाकर वह गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दी, तो वहीं युवक-युवतियों की टोली भी शोरगुल करती हुई गुजरती रही। वहीं दूसरी ओर लोगों ने घरों में जाकर बड़े बुजुर्गों के पैरों में गुलाल डाल कर आशीर्वाद लिया होली खेलने का दौर दोपहर 3:00 बजे तक चलता रहा। वहीं विदेशी पर्यटक भी होली के पर्व पर अपने आप को शामिल होने से नहीं रोक पाए। विदेशी पर्यटकों ने भी स्थानीय लोगों के साथ जमकर होली खेली।

इस दौरान विधायक हरिमोहन शर्मा, पूर्व विधायक अशोक डोगरा, जिला प्रमुख चंद्रावती कंवर, जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा, जिला पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र मीणा, पूर्व राजपरिवार के सदस्य वंशवर्धन सिंह ने आमजन को शुभकामनाएं देते हुए समरसता, प्रेम और बंधुत्व के भाव से यह त्योहार मनाने की अपील की।

सदर बाजार स्थित श्री कल्याण राय मंदिर में पंचायत अध्यक्ष भगवान बिरला, सचिव सुनील जैथलिया जिला अध्यक्ष चन्द्रभानु लाठी , सचिव नारायण मोदी , मुकुट बील्या सहित सभी माहेश्वरी समाज बंधुओं ने भगवान के चरणों मे रंग डाल कर एक दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाये दी, यहां विनोद मंत्री के गाये होली खेल रहे बांके बिहारी आज रंग बरस रहा , रंग मत डाले रे सांवरिया आदि होली के भजनों पर समाज बंधुओं ने नृत्य किया। श्री महेश युवा मंडल की ओर से श्री कल्याण राय जी के मंदिर में ब्रज की होली मनाई गई। यहां राधा कृष्ण बने बालको ने सभी के साथ नृत्य किये।

श्रृंग महिला मं